दिनांक 18 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बाबा को प्रणाम कर महापौर ने लिया आर्शीवाद , सब के हित और विकास के लिए की प्रार्थना मेयर की पहल से जगमगाएंगा सतनाम भवन

-5 लाख की लागत से लगेगी लाइट और कुर्सी

-महापौर देवेंद्रयादव ने किया भूमिपूजन

भिलाई। सतनाम भवन सेक्टर 6 की रौनकता और भी ज्यादा वैभवशाली होने वाली है। महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से यहां सतनाम भवन में 5 लाख की लागत से लाइट लगाई जाएगी साथ ही कुर्सी भी लगाई जाएगी। इससे भवन की सुंदरता और रौनकता पहले से काफी बढ़ जाएगी। इस विकास कार्य का आज भूमि पूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर महापौर देवेंद्र यादव सतनाम भवन पहुंचे। जहां वे सबसे पहले संत गुरू घासीदास बाबा के चरणों में शीश झुकाकर उन्हें प्रणाम किया और भिलाई की जनता की सुख शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। इसके बाद पूरे विधिविधान के साथ भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां महापौर श्री यादव ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि मैं हमेशा हर साल यहां बाबा दर्शन करने के लिए आता हूं। बाबा गुरूघासी दास के आर्शीवाद से मुझे शहर की जनता का सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बाबा गुरू घासीदास ने समाज को हमेशा एकता की डोर में बांध कर भेदभाव की बुराई को छोड़ कर सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। आगे महापौर श्री यादव ने कहा कि समाज की मांग पूरी होने से हर्ष का माहौल है।

जनसंपर्क अधिकारी